प्रेस प्रकाशनी PRESS RELEASE

भारतीय रिज़र्व बैंक
RESERVE BANK OF INDIA

वेबसाइट : www.rbi.org.in/hindi
Website : www.rbi.org.in
ई-मेल/email : helpdoc@rbi.org.in

संचार विभाग, केंद्रीय कार्यालय, एस.बी.एस.मार्ग, फोर्ट, मुंबई-400001
Department of Communication, Central Office, S.B.S.Marg, Fort, Mumbai-400001
फोन/Phone: 022- 22660502

29 अक्तूबर 2021

बैंक ऋण का क्षेत्र-वार विनियोजन – सितंबर 2021

चुनिंदा 33 अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों से जुटाए गए बैंक ऋण के क्षेत्र-वार विनियोजन संबंधी आंकड़ें विवरण I और II में दिए गए हैं, जो सितंबर 2021 महीने के लिए सभी अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों द्वारा विनियोजित कुल खाद्येतर ऋण का लगभग 90 प्रतिशत होता है।

वर्ष-दर-वर्ष (व-द-व) आधार पर देखें तो, खाद्येतर बैंक ऋण[1] में वृद्धि सितंबर 2020 में 5.1 प्रतिशत की तुलना में सितंबर 2021 में 6.8 प्रतिशत रही।

बैंक ऋण के क्षेत्र-वार विनियोजन की मुख्य बातें नीचे दी गई हैं :

- कृषि और संबद्ध कार्यकलापों के लिए प्रदत्त ऋण में सितंबर 2021 में 9.9 प्रतिशत की उच्च वृद्धि दर्ज की गई, जबकि यह सितंबर 2020 में 6.2 प्रतिशत थी।
- उद्योग क्षेत्र को प्रदत्त ऋण में वृद्धि सितंबर 2020 में 0.4 प्रतिशत से सितंबर 2021 में बढ़कर 2.5 प्रतिशत हो गई। आकार के अनुसार देखें तो, मध्यम उद्योगों को प्रदत्त ऋण में पिछले साल के 17.5 प्रतिशत की तुलना में सितंबर 2021 में 49.0 प्रतिशत की जोरदार वृद्धि दर्ज की गई। सूक्ष्म एवं लघु उद्योगों को प्रदत्त ऋण में वृद्धि सितंबर 2021 में तेजी से बढ़कर 9.7 प्रतिशत हो गई, जिसमें एक साल पहले 0.1 प्रतिशत की कमी आई थी। बड़े उद्योगों को प्रदत्त ऋण में गिरावट जारी रही जिसमें सितंबर 2021 में 1.0 प्रतिशत की कमी आई, जबकि उसमें एक साल पहले 0.2 प्रतिशत की कमी आई थी।
- उद्योग के भीतर, 'सभी इंजीनियरिंग', 'रसायन और रासायनिक उत्पादों', 'खाद्य प्रसंस्करण', 'रत्न और आभूषण', 'इन्फ्रास्ट्रक्चर', 'खनन और उत्खनन', 'पेट्रोलियम कोयला उत्पादों और परमाणु ईंधन', 'रबड़, प्लास्टिक और उसके उत्पादों', 'कपड़ा' तथा 'लकड़ी और लकड़ी के उत्पादों' हेतु प्रदत्त ऋण में वृद्धि सितंबर 2021 में पिछले साल के इसी महीने की तुलना में तेज हुई है। हालांकि, 'पेय पदार्थ और तंबाकू', 'मूल धातु और धातु उत्पादों', 'सीमेंट और सीमेंट उत्पादों', 'निर्माण', 'कांच और कांच के बने पदार्थ', 'चमड़ा और चमड़े के उत्पादों', 'कागज और कागज के उत्पादों', एवं 'वाहन, वाहन के पुर्जों और परिवहन उपकरण' की ऋण वृद्धि में गिरावट/कमी आई है।
- सेवा क्षेत्र को प्रदत्त ऋण में वृद्धि सितंबर 2020 में 9.2 प्रतिशत से सितंबर 2021 में घटकर 0.8 प्रतिशत हो गई, जो मुख्य रूप से एनबीएफ़सी, व्यापार और वाणिज्यिक स्थावर संपदा क्षेत्र को प्रदत्त ऋण की वृद्धि में कमी/गिरावट आने की वजह से हुई।

[1] खाद्येतर ऋण के आंकड़े धारा - 42 विवरणी पर आधारित हैं, जिसमें सभी अनुसूचित वाणिज्यिक बैंक (एससीबी) शामिल हैं।

- व्यक्तिगत ऋणों में एक साल पहले के 8.4 प्रतिशत की तुलना में सितंबर 2021 में 12.1 प्रतिशत की तेज वृद्धि दर्ज की गई, जो प्रमुख रूप से आवास ऋणों, वाहन ऋणों एवं स्वर्ण आभूषण के बदले में प्रदत्त ऋणों में तेज वृद्धि होने की वजह से हुई।

अजीत प्रसाद
निदेशक

प्रेस प्रकाशनी: 2021-2022/1118